चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/8693

विज्ञप्ति

दिनांक : 09.04.2024

विषय :– एन0ई0पी0–2020 स्नातक के स्किल डेवलपमेंट कोर्स/माईनर विषय/को–करिकुलर विषय के सम्बन्ध में।

एन0ई0पी0–2020 के अंतर्गत संचालित बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0काम0 पाठ्यक्रम सत्र 2021–22 से आरम्भ हुए थे। प्रथम सत्र में प्रविष्ट छात्र इस वर्ष अपने छठे सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हो तीन वर्षीय स्नातक उपाधि पूर्ण करेंगे।

चूंकि एन0ई0पी0 की व्यवस्था नई थी इसलिए नियमों के अभाव में आरम्भ में छात्रों द्वारा गलत माईनर/स्किल विषय चयनित कर लिया गया अथवा वह इन विषयों को उत्तीर्ण करने में असफल रहे। वर्तमान व्यवस्था में एन0ई0पी0 स्नातक परीक्षा कार्यक्रम की अवधि अत्यन्त लम्बी न हो इसलिए छठे सेमेस्टर के साथ द्वितीय सेमेस्टर के बैक पेपर परीक्षाफार्म भरने की अनुमति नहीं है। हालांकि छठे सेमेस्टर के ऐसे छात्र जो द्वितीय सेमेस्टर के स्किल डेवलपमेंट कोर्स/को–करिकुलर विषय अथवा माईनर विषय का बैक पेपर परीक्षाफार्म भरना चाहते हैं को यह अनुमति प्रदान की जा रही है क्योंकि ऐसा करने से परीक्षा अवधि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अतः छठे सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे ऐसे परीक्षार्थी जो द्वितीय सेमेस्टर के स्किल डेवलपमेंट कोर्स/माईनर विषय/को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भरना चाहते हैं को निम्नलिखित तिथियों में ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने का अवसर प्रदान किया जाता है :–

ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि	:	**12.04.2024 से**
परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	:	**15.04.2024 तक**
छात्रों द्वारा भरे परीक्षा फार्म महाविद्यालय द्वारा सत्यापित किये जाने की अन्तिम तिथि	:	**16.04.2024 तक**

इस प्रकार भरे गये परीक्षा फार्मों की माईनर एवं को–करिकुलर विषय की परीक्षाएं एन0ई0पी0 सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जो पत्र संख्या : परीक्षा/डी0आर0/8626, दिनांक 18.03.2024 द्वारा निर्गत किया जा चुका है में वर्णित तिथियों में ही आयोजित करायी जायेंगी। स्किल डेवलपमेंट विषय की परीक्षाएं सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग द्वारा आयोजित करायी जायेंगी।

ध्यान रहे कि उपर्युक्त प्रकार के परीक्षा फार्म के साथ किसी भी मेजर विषय का चयन नहीं किया जायेगा।

09-04-2024

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान/विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव/उप कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
10. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी "मै0 आई0टी0आई0 लिमिटेड" को इस आशय के साथ प्रेपित कि समस्त नियमों/अर्हता के अनुरूप ही उपर्युक्त सन्दर्भित समस्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
13. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेशित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
14. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

09/04

उप कुलसचिव (परीक्षा)